Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to make and implement the Population Control Law.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं और वह है इस देश की बढ़ती हुई जनसंख्या । आपसे बेहतर शायद कोई नहीं जानता, उत्तर प्रदेश और खासकर मेरठ में बढ़ती हुई जनसंख्या, जहां एक तरह से सिर ही सिर नजर आता है, यही स्थिति पूरे हिन्दुस्तान की बनी है ।

माननीय सभापति महोदय, मैंने इस विषय को पिछले 12-14 सालों से पार्लियामेंट के अंदर अनेक बार रखा है और बाहर भी अनेक फोरम पर इस बात को रखता रहा हूं । मैं आपके माध्यम से पुन: सरकार से प्रार्थना करता हूं कि अब समय आ गया है कि इस देश में दो बच्चों का कानून बनना चाहिए । हम देख रहे हैं कि सरकार सारे संसाधन उपलब्ध करा रही है । माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इस देश ने बहुत तेजी से विकास की तरफ कदम बढ़ाया है और देश को डेवलप्ड कंट्री की तरफ ले जाने की ओर अग्रसर किया है ।

जनसंख्या के कारण, हम भले ही दस लाख आवास देते हैं, तो पता लगता है कि दस और तैयार खड़े हैं । हम 4 लेन की सड़कें बनाते हैं, 6 लेन की आवश्यकता पड़ने लगती है । हम बाजारों का विकास करते हैं, अगले और बाजारों की आवश्यकता पड़ती है ।

कितनी चीजें हैं, हम लगातार संसाधन बढ़ा रहे हैं, लेकिन बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण उनके ऊपर लगातार दबाव रहता है । इस देश की भौगोलिक स्थिति 135 करोड़ लोगों को संभाल कर रखने की भी नहीं है । आप कल्पना कीजिए, 30-40 वर्ष बाद जब यही आबादी 160-165 करोड़ होगी, तब इस देश की क्या स्थिति होगी?

मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि हमें अगली नौजवान पीढ़ी की बेहतरी और सुरक्षा के लिए काम करना है । इसमें जाति, धर्म और सम्प्रदाय

की कोई बात नहीं है, अगर इस देश को बचाना है तो हर हाल में जनसंख्या नियंत्रण पर पूरे सदन को एक मत से दो बच्चों का कानून बनाना चाहिए । लोग इससे सहमत भी हैं । अपनी शिक्षा या विभिन्न कारणों से जो लोग सहमत नहीं हैं, मुझे लगता है कि हम उन्हें समझाकर और अवेयरनेस प्रोग्राम चलाकर लोगों को आकर्षित करना पड़ेगा और सरकर को इस ओर अपने कदम बढ़ाने पड़ेंगे ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए जल्द एक बेहतर कानून बने, जिससे इस देश के भविष्य का नौजवान, जो हमारे देश का भविष्य है, हम उसको सुरक्षित और संरक्षित करने का काम कर सकें । धन्यवाद ।